**न्यायालय, विशेष न्यायाधीश (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012)**
**जनपद न्यायालय बलरामपुर (उ० प्र०)**
**(पीठासीन अधिकारी-राहुल सिंह-II (एच०जे०एस०) आई०डी० क्रमांक-यू०पी०-1851)**

| | |
|---|---|
| **उ० प्र० राज्य** | **अपराध संख्या- 150/2026** |
| | **धारा-137(2), 65(1), 87 बी.एन.एस.** |
| **प्रति** | **व धारा- 3/4(2) पॉक्सो एक्ट** |
| | **पुलिस थाना-कोतवाली देहात** |
| **राजेश कुमार दूबे** | **जनपद- बलरामपुर उ० प्र०** |

**दिनांक 22.06.2026**

**उपस्थितिः-**

राज्य की ओर से श्री पवन कुमार शुक्ला उपस्थित।
अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता श्री वसीउल हसन उपस्थित है।

पुलिस थाना- कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर के विवेचक सुनील कुमार यादव के द्वारा **अपराध संख्या- 150/2026 धारा- 137(2), 65(1), 87 बी.एन.एस. व धारा- 3/4(2) पॉक्सो एक्ट पुलिस थाना-कोतवाली देहात जनपद- बलरामपुर (उ० प्र०) में नामित अभियुक्त राजेश कुमार दूबे उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र स्व० विजय नाथ दुबे निवासी ग्राम पुरैना थाना कोतवाली गैंसड़ी जनपद बलरामपुर (उ० प्र०)** के विरुद्ध यह अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत अभियोग पत्र अपराध का संज्ञान लिये जाने हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया अधिकारी द्वारा दिनांक 21.06.2026 को यह टीप अंकित करते हुए अग्रेषित किया गया है कि आरोप पत्र समयावधि अन्दर है। माननीय न्यायालय जावे। अभियुक्त के विरुद्ध पंजीबद्ध किये गये अपराध के सम्बन्ध में जांच तथा विचारण की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में अभियोग पत्र में पर्याप्त साक्ष्य एवं आधार मौजूद हैं। अभियोग पत्र उचित क्षेत्राधिकार के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। फलतः निम्नांकित आदेश किया जाता है।

**आदेश**

अभियुक्त **राजेश कुमार दूबे उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र स्व० विजय नाथ दुबे निवासी ग्राम पुरैना थाना कोतवाली गैंसड़ी जनपद बलरामपुर (उ० प्र०) के विरुद्ध अपराध क्र० सं०-150/2026 धारा- 137(2), 65(1), 87 बी.एन.एस. व धारा- 3/4(2) पॉक्सो एक्ट** के विरुद्ध पंजीबद्ध अपराध का संज्ञान लिया जाता है। कार्यालय लिपिक सूची अनुसार दस्तावेजों का मिलान कर अभियोग पत्र पर टीप अंकित करे। रिमाण्ड कार्यवाही की नत्थी इस प्रकरण के साथ संलग्न की जावे। अभियुक्त न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध है, उसका धारा-187 भा०ना०सु०सं० के अन्तर्गत जेल वारंट निरस्त कर धारा-346 भा०ना०सु०सं० का जेल वारंट बनाया जावे।

आदेश मेंरे उदबोधन पर टंकित किया गया।

दिनांक-22.06.2026

**( राहुल सिंह-II )**
विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एक्ट
बलरामपुर (उ० प्र०)

Digitally signed by RAHUL SINGH
Date: 2026.06.30 11:01:24 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court